(ग) जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को कुचलने, वहां शांति बहाल करने तथा राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू करने में सरकार को कितनी सफलता मिली है ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : (क) से (ग) सरकार को उन विविधिलियनों की जान व माल के लिए उत्पन्न खतरे की जानकारी है जिनके बारे में आतंकवादी यह समझते हैं कि वे उनके साथ सहयोग नहीं करते तथा उनमें वे विविधिलियन भी शामिल हैं जिन्हें उन्होंने "मुखबिरों" की संज्ञा दी हुई है । सरकार का प्रयास एक ऐसा माहौल तैयार करने का है जिसमें राज्य के सभी लोग सुरक्षित महसूस कर सकें ।

आतंकवादियों पर लगातार दबाव बनाए रखा गया है, उन्हें बाहर खदेड़ने और उनकी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए चलाए गए अभियानों को पूरजोर ढंग से जारी रखा गया है और अस्पतालों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है । यद्यपि, आतंकवादियों द्वारा बड़े पैमाने पर हिंसा और बन्दूक का भय बनाए रखने के लिए प्रयास किए गए हैं, फिर भी आतंकवादियों के प्रति जनता के रवैये सहित स्थिति में बदलाव आया है तथा आतंकवादियों के हौसलों में कमी आई है तथा उनमें अव्यवस्था फैली हुई है ।

सरकार का विचार आतंकवादियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए रखने का है तथा इनके साथ-साथ सामान्य स्थिति बनाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों और राजनैतिक प्रक्रिया को पुनः सक्रिय करने को बढ़ावा देने, जनता की भागीदारी के द्वारा विकास के कार्यों को तेज करने और स्थानीय प्रशासन को पुनः मजबूत बनाने के प्रयास जारी रखना है ।

1995 में विधान सभाओं के चुनाव

*222. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1995 में किन-किन राज्यों की विधान सभाओं के चुनाव होने हैं ;

(ख) क्या निर्वाचन आयोग ने इसके लिए फोटो पहचान-पत्र की शर्त रखी है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में विभिन्न राज्यों तथा केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) बिहार, त्रिपुरा, गुजरात, उड़ीसा, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश राज्यों में और जम्मू-कश्मीर राज्य में भी, जहां राष्ट्रपति शासन के विस्तार किए जाने की वर्तमान अवधि 9-3-1995 तक विधिमान्य है, नई विधान सभाएं गठित किए जाने के लिए साधारण निर्वाचन वर्ष 1995 में होने हैं ।

(ख) जी, हां ।

(ग) राज्य सरकारें, फोटो पहचान-पत्र जारी करने के लिए सिद्धांत रूप से, सहमत हो गई हैं और उन्होंने वित्तीय और व्यावहारिक कठिनाइयों के रहते हुए भी, निर्वाचन आयोग के निर्देशों को कार्यान्वित करने का प्रस्ताव किया है । केन्द्रीय सरकार फोटो पहचान पत्रों के जारी किए जाने पर राज्यों द्वारा उपगत किए जाने वाले कुल व्यय के 50% की प्रतिपूर्ति करने के लिए सहमत है ।

Decontrol of Industries using Agricultural Produce as Raw Material

223 VI SHRI BHUPINDER SINGH MANN : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

Justiies. which use agricultural ice as their raw materials or their pro-bting used as input in agriculture are ;et to be decontrolled;

(b) the reasons for keeping them under control, alorigv ith the details of such controls;

(c) by wheu these are expected to be de-controlled ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SMT. KRISHNA SAHI)

(a) and (b) : Industries based on agri-culture for simply of raw materials still under licensing includes sugar, cigars, cigarettes and alcoholic drinks. The industries who